CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 235 □ रायपुर, गुरुवार 18 सितम्बर 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# रिटायर्ड आईएएस के बंगले पहुंची ईडी

## नान घोटाला मामले में 10 जिलों में चल रही ईडी की कार्रवाई

**दुर्ग,** 18 सितम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ नान घोटाला मामले में खाद्य विभाग के तत्कालीन सचिव और रिटायर्ड आईएएस डॉ. आलोक शुक्ला की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज होते ही आज ईडी ने उनके भिलाई निवास में दबिश दी है. छापेमारी के साथ ही उनपर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है.



सुधाकर रावटे के घर भी पड़ा छापा

बता दें, बहुचर्चित नान घोटाला केस में डॉ. शुक्ला और अनिल टुटेजा को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल चुकी थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने खारिज कर दिया है. जमानत याचिका के खारिज होने के दूसरे दिन ही आज ईडी की टीम डॉ. आलोक शुक्ला के भिलाई के तालपुरी स्थित घर में छानबीन कर रही हैं. सूत्रों की मानें तो छानबीन खत्म होते ही ईडी उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सकती है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, दोनों अधिकारियों को पहले दो हफ्ते ईडी की कस्टडी में रहना होगा. उसके बाद दो हफ्ते न्यायिक हिरासत में रहना होगा. इसके बाद ही उन्हें जमानत मिल सकेगी. अदालत ने यह भी कहा कि आरोपियों ने 2015 में दर्ज नान घोटाला मामले और ईडी की जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी.

**नान घोटाले में सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत रद्द होने के बाद अब लटक रही गिरफ्तारी की तलवार**

बता दें, नान घोटाला मामले में प्रदेश के 10 अलग अलग जिलों में ईडी की कार्रवाई जारी है. दुर्ग जिले में ईडी की टीमें 2 गाड़ियों में सवार होकर पहुंची हैं. वहीं भिलाई के हुडको में सुधाकर रावटे के घर ईडी की 6 सदस्यीय टीम पहुंची है. ईडी के अधिकारी सुधाकर रावटे से पूछताछ कर रहे हैं और दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं. कस्टम मिलिंग मामले में पूर्व आईएए अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर की गिरफ्तार हो चुकी है. इनपर आरोप है कि इन्होंने मिलकर 140 करोड़ से अधिक का घोटाला किया है.

# राहुल गांधी का आरोप - कर्नाटक में 6,018 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फर्जी आवेदन किए

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (न्यूज चैनल)। राहुल गांधी ने दिल्ली में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरु कर दी है। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले चुनाव आयोग पर हमला बोला है। बताया जा रहा है कि ये कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली के इंदिरा भवन ऑडिटोरियम में होगी। माना जा रहा है कि राहुल गांधी इस दौरान वोट चोरी से जुड़े कुछ नए सबूत या बड़े खुलासे पेश करेंगे। कॉन्फ्रेंस के राहुल गांधी बोले कि- मैं बताउंगा वोट का खेल कैसे हुआ?



राहुल गांधी ने आज मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयुक्त वोट चोरी करने वालों की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अपने आरोप के समर्थन में सबूत भी पेश किए। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में वोट चोरी के मामले की जांच चल रही है और कर्नाटक की सीआईडी ने 18 महीनों में चुनाव आयोग को 18 चिट्ठियां लिखी हैं, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। राहुल गांधी ने आज एक और बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के आलंद में 6,018 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फर्जी आवेदन किए गए। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि ये आवेदन उन लोगों के नाम पर दाखिल किए गए, जिन्होंने खुद कभी आवेदन नहीं किया था। उनका कहना है कि ये काम अपने आप एक सॉफ्टवेयर के जरिए किया गया।

राहुल गांधी ने दावा किया कि ये सारे आवेदन कर्नाटक से बाहर अलग-अलग राज्यों के मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करके किए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस काम का मकसद कांग्रेस मतदाताओं को निशाना बनाकर उन्हें वोटर लिस्ट से हटाना था। राहुल गांधी ने एक बड़ा आरोप लगाते हुए कहा, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि वो 100 प्रतिशत सच बोलेंगे। उन्होंने बताया मैं ऐसा इंसान हूं जो अपने देश और संविधान से प्यार करता है। मैं लोकतांत्रिक प्रक्रिया की रक्षा कर रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि वह जो भी कहेंगे, वह पूरी तरह से सबूतों पर आधारित होगा, जिसे कोई भी जांच सकता है।

राहुल गांधी ने दावा किया कि वोटर लिस्ट से लाखों नाम हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह काम एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया है। इस साजिश में लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। ज्यादातर दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और ओबीसी के वोटों को निशाना बनाया जा रहा है। राहुल गांधी ने कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां 6,018 वोट हटाने की कोशिश की गई। राहुल गांधी के मुताबिक ये वोट गलती से पकड़े गए। उन्होंने बताया कि एक बीएलओ अधिकारी ने देखा कि उसके चाचा का वोट गायब है।

## राहुल गांधी के आरोपों को चुनाव आयोग ने बताया निराधार और गलत, कहा- कोई वोट ऑनलाइन डिलीट नहीं किया जा सकता

इधर भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों को गलत और निराधार करार देते हुए खारिज कर दिया। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। आयोग ने स्पष्ट किया कि किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि राहुल गांधी ने गलत धारणा बनाई है।

आयोग ने आगे रेखांकित किया कि मतदाता सूची में किसी भी बदलाव से पहले उचित प्रक्रिया अनिवार्य है। उसने आगे कहा कि प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना नाम नहीं हटाए जा सकते। कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में कथित रूप से नाम हटाए जाने के विवाद पर बोलते हुए, चुनाव आयोग ने बताया कि पिछले साल आयोग ने ही विसंगतियों को चिन्हित किया था। बयान में कहा गया है कि 2023 में, अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए ईसीआई के प्राधिकार द्वारा स्वयं एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आयोग ने निर्वाचन क्षेत्र के चुनावी इतिहास पर भी स्पष्टीकरण दिया। रिकॉर्ड के अनुसार, अलंद विधानसभा क्षेत्र 2018 में सुभाध गुट्टेदार (भाजपा) और 2023 में बीआर पाटिल ने जीता था। इससे पहले, चुनाव आयोग के सूत्रों ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर सीधे निशाना साधने वाली राहुल गांधी की टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया था।

## ब्रेकिंग न्यूज

### देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : जयशंकर



**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (न्यूज चैनल)। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर की खबरें देखी हैं। उधर सऊदी और पाकिस्तान में नाटो जैसी डील हुई और हड़कंप भारत में मच गया। भारत में सवाल उठ रहे हैं कि सऊदी और पाकिस्तान के बीच हुए समझौते को लेकर अब वो आगे क्या करेगा। अब भारत के पक्ष से भी इसे लेकर जवाब आ गया है। सऊदी और पाकिस्तान के बीच हुए रक्षा समझौते पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने पहला बयान दिया है। पूरे मामले को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई। सरकार को इस बात की जानकारी थी कि यह घटनाक्रम, जो दोनों देशों के बीच एक दीर्घकालिक समझौते को औपचारिक रूप देता है, विचाराधीन था। हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर इस घटनाक्रम के प्रभावों का अध्ययन करेंगे। सरकार भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चले लात-घूंसे, निकाली तलवार वकीलों ने बंद किया काम

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (न्यूज चैनल)। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वकील एक दिन पहले अदालत परिसर में हुई हिंसक झड़प के बाद गुरुवार को हड़ताल पर चले गए। उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने कामकाज स्थगित करने की घोषणा की और अराजकता भड़काने के आरोपी दो वकीलों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता सिमरनजीत सिंह ब्लासी और रवनीत कौर पर आरोप लगाए हैं। बार की कार्यकारिणी के अनुसार, रवनीत कौर ने मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय कक्ष में बार सचिव पर उनका बैग और लैपटॉप जब्त करने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने मामले की सुनवाई अगले दिन के लिए स्थगित करने की भी मांग की, जिसे लगभग 100 वकीलों की आपत्तियों के बावजूद स्वीकार कर लिया गया। अदालत कक्ष से बाहर निकलने के बाद, कौर ने कथित तौर पर हंगामा किया और ब्लासी के साथ बार कार्यालय में घुस गईं, जहाँ उन्होंने सचिव के साथ दुर्व्यवहार किया और अन्य सदस्यों पर हमला किया। सबसे गंभीर आरोप यह है कि ब्लासी तलवार लहराते हुए हाईकोर्ट परिसर में घूमते रहे।

# तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलटी, एक महिला यात्री की मौत, 5 की हालत गंभीर



**जशपुर,** 18 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के जशपुर में आज सुबह सुबह एक बड़ा हादसा हो गया. जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र के बरजोर में तेज रफ्तार से जा रही एक बस अनियंत्रित होकर अचानक सड़क पर पलट गई. इस हादसे में एक महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई. साथ ही 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इनके अलावा अन्य कई यात्रियों को भी मामूली चोटें आई हैं. सभी घायलों को सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक बस फरसाबहार से अंबिकापुर जा रही थी. लेकिन तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई. हादसे में एक महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जबकि घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# भारतीय सेना ने बनाई भविष्य की रणनीति, संयुक्त स्टेशन स्थापित करेंगी तीनों सेनाएं, त्रि-सेवाएं शिक्षा कोर बनाने का भी ऐलान

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (न्यूज चैनल)। भारतीय सेना की शौर्य गाथाएँ केवल उपमहाद्वीप तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में उनके पराक्रम का सम्मान किया जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों तक, भारत के सैनिकों ने साहस, अनुशासन और त्याग का ऐसा परिचय दिया है जिसने वैश्विक सैन्य इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। चाहे कारगिल की दुर्गम चोटियाँ हों या सोमालिया और कांगो जैसे अफ्रीकी देशों में शांति अभियानों की चुनौतीपूर्ण भूमिकाएँ- भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर अपनी क्षमता सिद्ध की है। यही कारण है कि आज जब भारत अपने सैन्य ढाँचे में संयुक्तता और एकीकरण की दिशा में बड़े निर्णय ले रहा है, तो पूरी दुनिया इस परिवर्तन को गंभीरता से देख रही है।



हम आपको बता दें कि कोलकाता में संपन्न कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025 में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय भारतीय सेना की भविष्यदृष्टि को स्पष्ट करते हैं। पहली बार देश में तीन संयुक्त सैन्य स्टेशन स्थापित करने और थलसेना, नौसेना तथा वायुसेना की शिक्षा शाखाओं का विलय कर त्रि-सेवाएँ शिक्षा कोर बनाने का निर्णय लिया गया है। इन दोनों पहलों का सीधा उद्देश्य है— संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग, मानवबल का अनुकूलन और तीनों सेनाओं के बीच अधिक से अधिक सामंजस्य स्थापित करना।

हम आपको बता दें कि अब तक भारतीय सेनाओं के ठिकाने अलग-अलग सेवाओं की आवश्यकताओं के अनुसार संचालित होते रहे हैं। थलसेना, नौसेना और वायुसेना अपनी-अपनी सुविधाओं के आधार पर लॉजिस्टिक, भंडारण, आपूर्ति और मरम्मत का कार्य करती थीं। इससे संसाधनों की पुनरावृत्ति होती थी और खर्च बढ़ता था। संयुक्त सैन्य स्टेशन इस व्यवस्था को पूरी तरह बदल देंगे। एकीकृत ठिकानों का अर्थ होगा कि सभी प्रकार की सुविधाएँ साझा होंगी और उनका संचालन किसी एक सेवा के नेतृत्व में होगा। यह व्यवस्था खर्च में भारी कटौती करेगी, लॉजिस्टिक दक्षता बढ़ाएगी, सैनिक सहयोग को मजबूती देगी और भविष्य के थिएटर कमांड ढाँचे का पूर्वाभ्यास सिद्ध होगी।

# सुकमा के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ दोनों ओर से हो रही फायरिंग



**सुकमा,** 18 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के पश्चिमी क्षेत्र के घने जंगल और पहाड़ी इलाकों में गुरुवार सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, जिसके बाद दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन जारी होने के कारण मुठभेड़ स्थल, जवानों की संख्या और अन्य संवेदनशील जानकारी फिलहाल साझा नहीं की जा रही है. सुरक्षाबलों की सुरक्षा को देखते हुए यह एहतियात बरता जा रहा है। सुकमा पुलिस ने कहा है कि ऑपरेशन पूर्ण होने के बाद मुठभेड़ से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी. अभी सुरक्षाबलों का अभियान जारी है और इलाके में सघन सर्चिंग की जा रही है।

## दुर्गा पंडाल के निर्माण में जुटे युवक की करंट के चपेट में आने से मौत



**बालोद,** 18 सितम्बर (हाईवे चैनल)। दुर्गा पंडाल के निर्माण में जुटे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई. घटना रात करीबन 3 बजे दल्लीराजहरा के गुप्ता चौक की है. दल्लीराजहरा पुलिस मामले की जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार, दिनभर लोगों की आवाजाही को देखते हुए दल्लीराजहरा के गुप्ता चौक पर रात के समय 8 से 9 युवक दुर्गा पंडाल के निर्माण में जुटे थे. इस दौरान ग्राम घोठिया निवासी 19 वर्षीय डेमन उर्फ डेविड रावटे पिता अजित रावटे एलटी लाइन के तार से सम्पर्क में आने के बाद नीचे गिर गया. युवक को तत्काल शहीद हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित किया. सूचना पर पहुंची दल्लीराजहरा पुलिस पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को रवाना किया. सुबह परिजनों को शव सौंपने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी.

# अगर राहुल गांधी को वोट नहीं मिलते, तो हम क्या कर सकते हैं : जगदंबिका पाल



**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (न्यूज चैनल)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद जगदंबिका पाल ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उनके बार-बार वोट चोरी के दावे इस बात का संकेत हैं कि कांग्रेस पार्टी ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही हार मान ली है। भाजपा सांसद की यह टिप्पणी राहुल गांधी के एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने से कुछ घंटे पहले आई है। बिहार भर में अपनी हालिया मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान, कांग्रेस नेता ने दावा किया था कि वह बड़े पैमाने पर चुनावी धोखाधड़ी का पर्दाफाश करेंगे और कथित वोट चोरी के सबूतों का हाइड्रोजन बम गिराने का वादा किया था।

जगदंबिका पाल ने एएनआई से कहा कि उन्हें समझना चाहिए कि हाइड्रोजन बम हिरोशिमा और नागासाकी जैसा विनाश मचा सकता है। क्या वह विनाश चाहते हैं? या विपक्ष के नेता होने के नाते वह विनाश का सपना देखते हैं? या वह देश को सिर्फ धोखा दे रहे हैं? जब वह चुनाव हारते थे तो ईवीएम की बात करते थे। अब चुनाव से पहले ही उन्होंने हार मान ली है और मतदाताओं के सत्यापन को दोष दे रहे हैं, जो एसआईआर के जरिए हो रहा है। इससे साफ है कि वह बिहार में हार गए हैं। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि क्या राहुल गांधी संविधान को समझते हैं? वह सुप्रीम कोर्ट गए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किए। क्या उन्होंने कोई दांव लगाया? वह न तो कानून को समझते हैं और न ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को। वह केवल %संविधान, संविधान% चिल्लाते हैं... मुख्य बात स्पष्ट है; अगर राहुल गांधी को वोट नहीं मिलते, तो हम क्या कर सकते हैं? देश उनके कार्यों को कभी नहीं भूलेगा। वह विपक्ष के नेता हैं। उनके कुछ मूल्य होने चाहिए... वह देश के मतदाताओं का अपमान कर रहे हैं... जनता उन्हें फिर से करारा जवाब देगी। उनके सारे बम धराशायी हो जाएंगे। वह किसी पर भरोसा नहीं करते... मैं इसकी निंदा करता हूं।

# क्रेडिट कार्ड से किराया भुगतान पर रोक

**आरबीआई के नए आदेश से यूजर्स को झटका**

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (न्यूज चैनल)। अगर आप भी हर महीने क्रेडिट कार्ड से फोनपे, पेटीएम, क्रेड या अन्य ऐप्स के जरिए मकान का किराया चुकाते थे, तो अब आपको बड़ा झटका लग सकता है। इन फिनटेक प्लेटफॉर्म्स ने अपनी रेंट पेमेंट सर्विस को बंद करना शुरू कर दिया है - और इसकी वजह है भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा हाल ही में लागू किए गए नए नियम।

15 सितंबर 2025 को जारी किए गए आरबीआई के सर्कुलर में कहा गया है कि अब पेमेंट एग्रीगेटर और पेमेंट गेटवे केवल उन्हीं व्यापारियों से लेन-देन कर सकते हैं, जिनके साथ उनका सीधा अनुबंध हो और जिनकी पूरी केवायसी प्रक्रिया पूरी हो चुकी हो। इसका मतलब यह है कि कोई भी फिनटेक ऐप अब ऐसे मकान मालिक को किराया नहीं भेज सकती, जो उनके प्लेटफॉर्म पर अधिकृत व्यापारी की तरह रजिस्टर्ड नहीं है। यानी किराया भेजने वाले और लेने वाले दोनों की सख्त पहचान ज़रूरी हो गई है।




चूहा- सुनती हो, राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर फिर वोट चोरी कराने के आरोप लगाए।

चुहिया- हां जी, जब तक बिहार चुनाव नहीं हो जाता तब तक आरोप लगते रहेंगे...!

CMYK